जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



ROYALS AND ORDINARY DIWALI IS BRIGHT

The curse is that if a woman even peeps in out of curiosity she would become barren for life

Diwali Rangoli

While some rangoli patterns are quite complex, there are also simple designs that are perfect for beginners.




# गहलोत के विश्वस्त रामेश्वर दाधीच भाजपा में शामिल

## भाजपा ने गहलोत को जोधपुर में व्यस्त रखने की तैयारी की

- दाधीच का जाना गहलोत के लिए विशेष रूप से नुकसानदेह है। गहलोत अपनी सीट के आसपास की सीटों में इस प्रकार टिकट देते हैं ताकि उनकी जीत पक्की हो जाए, चाहे सब हार जाएं।
- जोधपुर के महापौर रहे रामेश्वर दाधीच सूरसागर से चुनावी मैदान में हैं।
- गहलोत के एक अन्य विश्वस्त, सुनील परिहार ने सिवाना में कांग्रेस प्रत्याशी मानवेन्द्र सिंह की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।
- कोटा से शांति धारीवाल को टिकट देना पूरे राज्य में कांग्रेस की छवि और प्रतिष्ठा को भारी नुकसान पहुंचा रहा है।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 नवम्बर। भाजपा ने अशोक गहलोत को जोधुपर में बांध दिया है क्योंकि उनके खास सहयोगी भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

ऐसा समझा जाता है कि लंबे समय से अशोक गहलोत के सहयोगी रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामेश्वर दाधीच कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए है। ऐसा माना जाता है कि दाधीच जोधपुर में कांग्रेस के काफी नुकसान पहुंचाएंगे।

यह विशेषकर गहलोत के लिए नुकसानदायक होगा जो वैसे ही मुश्किल लड़ाई लड़ रहे हैं क्योंकि उनके लिए अपने आसपास की कई सीटों में पार्टी की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाए बिना जीतना संभव नहीं रहा है। वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के आसपास की सीटों पर ऐसे जातीय समीकरणों के आधार पर टिकट देते हैं जिससे उनकी जीत पक्की हो जाए। उन्हें यह परवाह नहीं कि उनके

( शेष पृष्ठ 5 पर )







# महुआ के निष्कासन की सिफारिश

- पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में संसद की एथिक्स कमेटी ने लोकसभा से महुआ मोईत्रा के निष्कासन की सिफारिश की है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 नवम्बर। लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने गुरूवार को पैसे लेकर प्रश्न पूछने के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोईत्रा को सदन से निष्कासित करने की गुरूवार को सिफारिश की।

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह की पत्नी और कांग्रेस से निष्कासित परणीत कौर ने कमेटी की ड्राफ्ट रिपोर्ट के पक्ष में वोट किया, जबकि विपक्ष के चार सांसद इससे सहमत नहीं थे।

लोकसभा सचिवालय के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने बताया कि यह शायद पहला मौका है, जब लोकसभा

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# भरतपुर की सातों सीटों पर कांग्रेस की हालत खस्ता

## सभी सीटों पर मुकाबला बहुकोणीय है और जातीय समीकरण भी कांग्रेस के पक्ष में नहीं है

- क्षेत्र के गुर्जर मतदाता, जो गत चुनाव में पूरे जोश खरोश के साथ कांग्रेस के पक्ष में थे, आज उनमें कांग्रेस के प्रति भारी नाराज़गी है।
- भाजपा ने भरतपुर सीट पर अपने बागी को मना लिया है, इससे कांग्रेस के समर्थन से चुनाव लड़ रहे राज्य मंत्री व आर.एल.डी. प्रत्याशी सुभाष गर्ग की मुश्किलें बढ़ गई हैं।
- नदबई, कामां, नगर और बयाना सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों का भारी विरोध है, जातीय समीकरण भी उनके पक्ष में नहीं है।

भरतपुर, 9 नवंबर। ग्रामीण बाहुल्य भरतपुर जिले की सभी सात विधानसभा सीटें त्रिकोणीय व चतुष्कोणीय मुकाबले में फंसी हुई हैं। बुधवार को नाम वापसी की तारीख समाप्त होते ही प्रदेश की सत्ताधारी कांग्रेस बनाम भाजपा की सीधी लड़ाई में जातियों के ध्रुवीकरण ने दोनों खेमों में कइयों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। विशेषकर कांग्रेस की हालत खस्ता है, क्योंकि इस क्षेत्र के गुर्जर जो पिछले चुनाव में जोश खरोश के साथ कांग्रेस के पक्ष में थे, पर इस बार उनके मन में कांग्रेस के प्रति नाराजगी है।

उत्तर प्रदेश के आगरा और मथुरा से सटे होने के कारण यूपी की सियासत की रोमांचक जातीय जंग को यहां की कई सीटों पर साफ तौर पर देखा जा सकता है। हरियाणा के मेवात क्षेत्र की सियासत का रंग भी कम रोचक नहीं। भरतपुर (मेन) राजस्थान की अकेली सीट है, जिसे कांग्रेस ने गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल के लिए खाली छोड़ा है।

यहां से आर.एल.डी. उम्मीदवार

( शेष पृष्ठ 5 पर )




अधिकृत डीलर: जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड़, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797, अधिकृत सर्विस प्वाइंट: जयपुर: सुपर मोटर्स, 8824088678, शुभम ऑटोमोबाइल्स 9828121222, आकर मोबाइल पार्क, 9351858507, मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, झोटवाड़ा: बीपीएस मोटर्स, 9314048181, सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816.